17 फरवरी, 2023 कार्यकारी आदेश 2023-03

**स्थापना के लिए कार्यकारी आदेश**
**इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सेक्यॉरिटी का कार्यालय,**
**और इलिनॉय होमलैंड सिक्यॉरिटी एडवाइजरी**

**जबकि,** इलिनॉय के संविधान का अनुच्छेद V, धारा 11 गवर्नर को पुन: कार्यभार प्रदान करने या उन एजेंसियों को पुनर्गठित करने के लिए अधिकृत करता है जो कार्यकारी आदेश के द्वारा सीधे उनके प्रति जिम्मेदार हो; और,

**जबकि**, कार्यकारी पुनर्गठन कार्यान्वयन अधिनियम की धारा 3.2, 15, ILCS 15 ("अधिनियम"), यह व्यवस्था प्रदान करती है कि "पुनर्गठन" के अंतर्गत, प्रासंगिक भाग में, (i) किसी एजेंसी या उसके कार्यों के किसी भाग का समेकन या समन्वयन शामिल रहता है और (ii) किसी भी एजेंसी के संपूर्ण कार्य या कार्य के किसी भी हिस्से का समन्वय, या उसके संपूर्ण या किसी भी कार्य का समन्वय, संपूर्ण कार्य के साथ या किसी अन्य एजेंसी या उसके कार्यों का कोई भाग; और,

**जबकि,** अधिनियम की धारा 4 में यह प्रावधान है कि पुनर्गठन का प्रस्ताव करने वाला कोई भी कार्यकारी आदेश किसी पुनर्गठन से प्रभावित होने वाली किसी भी एजेंसी के नाम में परिवर्तन कर सकता है; और

**जबकि,** 2002 के होमलैंड सेक्यॉरिटी एक्ट ने यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (USDHS) की स्थापना की, यह एक संघीय विभाग है जिसका प्राथमिक मिशन है- अमेरिकी जमीन पर आतंकवादी गतिविधियों और होमलैंड के सुरक्षा खतरों को रोकना, उनकी रक्षा करना और ऐसी गतिविधियों का प्रतिकार करना; और

**जबकि,** देश की सुरक्षा और संरक्षा के मसले संघीय सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन राज्य और स्थानीय अधिकारियों को आतंकवादी हमलों और होमलैंड के सुरक्षा खतरों को रोकने, उनसे बचाव करने, उनका जवाब देने और उनसे उबरने के लिए इलिनॉय की तत्परता को अवश्य आश्वस्त करना चाहिए और यथा अनिवार्य अतिरिक्त उपाय जो आवश्यक हो सकते हो उनकी अनुशंसा करनी चाहिए; और,

**जबकि,** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (IEMA) गवर्नर के प्रति सीधे तौर पर जिम्मेदार एक कार्यकारी एजेंसी है, जो मुख्य रूप से इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305 और परमाणु सुरक्षा कानून और 2004 20 ILCS 3310;से प्राप्त अधिकारों, शक्तियों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का इस्तेमाल करती है; और,

**जबकि,** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम की धारा 5(C) के अनुसार, IEMA के निदेशक इलिनॉय राज्य के लिए आपातकालीन प्रबंधन के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। निदेशक इस राज्य, अन्य राज्य और संघीय सरकार के आपातकालीन प्रबंधन संगठनों के साथ संपर्क और सहयोग करते हैं; और,

**जबकि,** IEMA फिलहाल सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के सभी स्तरों पर कार्यक्रमों और मार्गदर्शन को अधिशासित करती है ताकि आम जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए ये संस्थाएं सभी जोखिमों और खतरों, जिनमें होमलैंड सुरक्षा से संबंधित खतरे भी शामिल हैं, उनसे निपटने के लिए तैयार रहें; और,

**जबकि,** IEMA इलिनॉय आपातकालीन ऑपरेशन प्लान (IEOP) के प्रबंधन के प्रति जिम्मेदार है जो उस ढांचा की स्थापना करता है जिसके द्वारा इलिनॉइस राज्य सरकार आपात स्थितियों और आपदाओं में प्रत्युत्तर और रीकवरी का समन्वय और प्रबंधन करती है। जरूरत के समय IEOP समुदायों की सहायता के लिए सुरक्षित, कुशल और सामयिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नीतियां, प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश देता है और प्रत्युत्तर, रीकवरी, संचालन की निरंतरता और सरकार की निरंतरता के लिए सहायक योजनाओं को शामिल करता है; और,

**जबकि,** 2003 में, इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ न्यूक्लियर सेफ्टी को IEMA में विलय कर दिया गया और अब इसे IEMA डिवीजन ऑफ न्यूक्लियर सेफ्टी (IEMA-DNS) के रूप में जाना जाता है; और,

**जबकि,** IEMA-DNS, आयनीकरण विकिरण के उपयोग और प्रतिधारण के नियमन के अलावा, विकिरण की आपात स्थितियों में प्रत्युत्तर के लिए प्रमुख राजकीय एजेंसी है, और इस भूमिका में IEMA-DNS रेडियोलॉजिकल दुर्घटना के लिए योजना बनाती है, जिसमें, रेडियोलॉजिकल एक्सपोजर उपकरण, रेडियोलॉजिकल डिस्पर्सल उपकरण, कामचलाऊ परमाणु उपकरण और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई आधारित परमाणु ऊर्जा संयंत्र की घटनाएं शामिल हैं; और,

**जबकि,** वर्तमान में IEMA इलिनॉय आपातकालीन प्लानिंग और समुदाय राइट-टू-नो अधिनियम के अंतर्गत राज्य आपातकालीन रेस्पांस कमीशन (SERC) है। यह स्थानीय आपातकालीन प्लानिंग कमेटीज (LEPC) के साथ समन्वयन का कार्य करती है और उनकी सहायता करती है और LEPC की रासायनिक सुरक्षा आकस्मिकता योजनाओं की समीक्षा करती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि स्थानीय सरकारें और पहले उत्तरदाता खतरनाक सामग्रियों के जोखिम को लेकर तैयार है और प्रत्युत्तर के लिए प्रशिक्षित है; और,

**जबकि,** गवर्नर ने IEMA को संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (FEMA) को राज्य प्रशासनिक एजेंसी (SAA) के रूप में सेवा प्रदान करने का कार्य सौंपा है। अपनी इस क्षमता के अंतर्गत IEMA संघीय अनुदानों की प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है, जिसमें अनुदान के लिए आवेदन और प्रगति रिपोर्ट जमा करना, उप-आवेदकों को समुचित धन आवंटित करना और आपूर्ति को सुनिश्चित करना शामिल है। IEMA इस बात को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार है कि सभी प्रासंगिक हितधारक होमलैंड सुरक्षा अनुदान प्रक्रिया में शामिल हो; और,

**जबकि,** FEMA के लिए यह आवश्यक है कि संघीय होमलैंड सुरक्षा अनुदान कार्यक्रम के माध्यम से धन प्राप्त करने वाले सभी राज्यों में एक वरिष्ठ सलाहकार कमेटी (SAC) हो। SAC एक सलाहकार निकाय है जो सरकारी एजेंसियों और क्षेत्रों के हितधारकों से बना है, जिसका काम समूचे समुदाय में तैयारी के प्रयास को एकीकृत करना है। SAC SAA को ऐसी गतिविधियों की अनुशंसा करता है जिसे FEMA के अनुदान से समर्थन मिल सके; और,

**जबकि,** कार्यकारी आदेश 2003-17 द्वारा गठित इलिनॉय टेररिज्म टास्क फोर्स, इलिनॉय के SAC के रूप में कार्य करता है और इसने संसाधनों और संचार के समन्वय को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य के सभी विभागों और प्रांतों के सार्वजनिक और निजी हितधारकों के बीच एक कामकाजी साझेदारी की स्थापना की है ताकि आतंकवादियों और अन्य सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी का समन्वयन हो सके; और,

**जबकि,** USDHS स्थिति की गंभीरता को निर्धारित करने के लिए राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और प्रमुख संसाधनों (CIKR) का द्विवार्षिक मूल्यांकन करता है, जिसका निर्धारण प्रत्येक राज्य द्वारा CIKR की पहचान पर निर्भर करता है और जिनमें होमलैंड सुरक्षा अनुदान के माध्यम से प्रदान किए गए इलिनॉय के संसाधनों को प्रभावित करने की क्षमता होती है; और,

**जबकि,** IEMA को इलिनॉय में नेशनल इंसीडेंट मैनेजमेंट सिस्टम (NIMS) को संचालित करने के लिए गर्वनर द्वारा नामित किया गया है, जोकि घटना के प्रबंधन के लिए एक व्यापक, राष्ट्रीय दृष्टिकोण है और यह सभी न्यायिक स्तरों और कार्यात्मक कार्य-विषयों पर लागू करने योग्य होता है। आतंकवाद और अन्य होमलैंड सुरक्षा खतरे समेत NIMS संभावित घटनाओं के एक विस्तृत दायरे में प्रयोज्य है। अपने काम के जरिए, NIMS सार्वजनिक और निजी संस्थाओं के बीच समन्वय और सहयोग में बेहतरी लाता है और घटना के समग्र प्रबंधन के लिए एक कमन मानक प्रदान करता है; और,

**जबकि,** प्रत्येक राज्य, राष्ट्रमंडल, टेरिटरी और कोलंबिया के जिले में एक होमलैंड सुरक्षा सलाहकार होते हैं; और,

**जबकि,** कार्यकारी आदेश 2003-17 के अनुसार, इलिनॉय राज्य के लिए गवर्नर होमलैंड सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करते हैं; और,

**जबकि,** पूरे इलिनॉय में आपातकालीन प्रबंधन और राज्य होमलैंड सुरक्षा गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करना और सभी स्तरों पर सरकार और जनता के लिए एक स्पष्ट समन्वय प्रयास करना इलिनॉय के नागरिकों के सर्वश्रेष्ठ हित में है, और जिसमें इलिनॉय में CIKR की पहचान करने के लिए एक प्राथमिक समन्वयन स्टेट एजेंसी, CIKR पर प्राकृतिक, मानव-जनित या तकनीकी आपदाओं के प्रभावों का विश्लेषण करने वाली, संयुक्त जोखिम का आकलन करने वाली या राज्य CIKR सूची में राज्य, स्थानीय, संघीय, निजी

और गैर-सरकारी संगठनों से इनपुट का समन्वय करने वाली एकल एजेंसी शामिल है, लेकिन यह यही तक सीमित नहीं है; और,

**जबकि,** IEMA आपातकालीन तैयारी, प्रत्युत्तर और रिकवरी के लिए गवर्नर की योजना का प्रशासक है, और वर्तमान में मौजूद प्रबंधन ढांचा और संसाधन समूचे इलिनॉय में राज्य होमलैंड सुरक्षा गतिविधियों के समन्वयन में सुविधा के लिए है और यह वर्तमान में होमलैंड सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय है;

**अब, अत:,** मैं, जेबी प्रिट्ज़कर, इलिनॉय राज्य का गवर्नर, संविधान और इलिनॉय राज्य के विधान द्वारा अपनी निहित शक्ति और अधिकार के आधार पर, आपातकालीन प्रबंधन और होमलैंड सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट समन्वय प्रयास को प्रभावी बनाने के लिए यथोचित व्यवहारिक सीमा में मौजूदा राज्य संसाधनों का उपयोग करते हुए एतदद्वारा पैरा VII.B में प्रदत प्रावधान के अनुसार निम्नवत आदेश देता हूं:

## I. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय की स्थापना

A. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी का नाम बदलकर "इलिनाय आपातकाली प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय" (IEMA और OHS) कर दिया गया है। IEMA और OHS इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम और 2004 के परमाणु सुरक्षा कानून और अन्य सभी प्रासंगिक क़ानूनों के साथ उसके अंतर्गत बनाए गए नियमनों के तहत अनिवार्य मिशन जारी रखेंगे। जब तक अन्यथा इस कार्यकारी आदेश में दर्शाया नहीं जाये, पूर्व में इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के साथ निहित या संबद्ध शक्ति, कर्तव्य, अधिकार और जिम्मेदारी IEMA और OHS के साथ निहित या संबद्ध रहेगी और IEMA & OHS के नाम बदलाव से प्रभावित नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, IEMA और OHS समूचे इलिनॉय में आपातकालीन प्रबंधन और होमलैंड सुरक्षा गतिविधियों के समन्वयन के लिए एक व्यापक राज्य रणनीति के कार्यान्वयन का विकास और समन्वयन जारी रखेगा।

B. सिवाय इसके कि इस कार्यकारी आदेश में अन्यथा निर्दिष्ट किया गया हो IEMA के वर्तमान निदेशक IEMA और OHS के निदेशक के रूप में काम करेंगे और सभी IEMA कर्मी नए नाम के अंतर्गत अपने मौजूदा पदों पर काम करेंगे।

C. आरंभ में IEMA और OHS में होमलैंड सुरक्षा के लिए एक उप निदेशक की अध्यक्षता में होमलैंड सुरक्षा का एक कार्यालय, आपातकालीन प्रबंधन के लिए एक उप निदेशक की अध्यक्षता में आपातकालीन प्रबंधन का एक कार्यालय, संचालन का एक प्रभाग, रिकवरी का प्रभाग शामिल होंगे और IEMA और OHS के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए IEMA और OHS के निदेशक द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय और ऐसे अन्य कार्यालयों, के अंतर्गत नाभिकीय सुरक्षा प्रभाग, संगठनात्मक इकाइयों के प्रभाग और कार्यात्मक क्षेत्र शामिल होंगे। IEMA के मौजूदा उप निदेशक आपातकालीन प्रबंधन के उप निदेशक के रूप में सेवा देंगे। IEMA और OHS के निदेशक अन्यथा IEMA और OHS के अंतर्गत कार्यालयों, प्रभागों, अन्य संगठनात्मक इकाइयों, कार्यात्मक क्षेत्रों और इन सबके कर्मियों को व्यवस्थित कर सकते हैं, जैसा कि उन्हें इस कार्यकारी आदेश के अनुसार, प्रयोज्य कानून और कोई सामूहिक सौदेबाजी अनुबंध के तहत और राज्य के सर्वोत्तम हित में यथोचित प्रतीत हो।

## II. गवर्नर के होमलैंड सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति; इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय के समन्वय के साथ

A. गवर्नर होमलैंड सुरक्षा खतरों और कमजोरियों और आतंकवाद से संबंधित मसलों और उससे जुड़े रणनीतिक और नीतिगत मामलों पर समूचे इलिनॉय में कैबिनेट स्तर की सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय करने के लिए एक होमलैंड सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करेंगे जोकि गवर्नर या गवर्नर के नामित व्यक्ति को ऐसे रणनीतिक और नीतिगत विषयों पर सलाह देंगे। जब तक कि एक नए होमलैंड सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति नहीं हो जाती मौजूदा होमलैंड सुरक्षा सलाहकार उसी क्षमता में अपनी सेवा जारी रखेंगे।

B. IEMA और OHS सभी होमलैंड सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन गतिविधियों के कार्यान्वयन को सहयोग देने के लिए होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के साथ समन्वयन का कार्य करेगा, जोकि इस कार्यकारी आदेश के पैरा II.A में वर्णित प्रक्रिया के द्वारा स्थापित रणनीतियों और नीतियों

के अनुरूप है ताकि इलिनॉय के खतरों और कमजोरियों के मसलों निपटा जा सके। इस तरह के कार्यान्वयन में विधायी मुद्दों को संबोधित करना, संघीय और स्थानीय एजेंसियों के साथ संपर्क, प्रशिक्षण और अभ्यास, संघीय और राज्य वित्त पोषण, और सार्वजनिक जोखिम संचार संदेश; ये सब शामिल होंगे लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं होगा।

C. होमलैंड सुरक्षा सलाहकार समूह विनाशक हथियारों की टीम की देखरेख करेंगे जिसे आतंकवादी हमले की स्थिति में स्थानीय उत्तरदाताओं की सहायता के लिए और अतिरिक्त राज्य संसाधनों के प्रावधान का समन्वय करने के लिए गवर्नर तैनात कर सकते हैं। होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के परामर्श से IEMA और OHS का कार्यालय समूह विनाशक हथियारों की टीम के लिए उचित प्रोटोकॉल, स्टाफिंग, प्रशिक्षण और उपकरण के दिशा-निर्देश विकसित करेगा।

## III. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सुरक्षा कार्यालय के अतिरिक्त अधिकार और कर्तव्य

A. IEMA और OHS कानून, प्रशासनिक नियम, कार्यकारी आदेश, और संघीय पदनामों के द्वारा सभी आवश्यक योजनाओं, प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों को प्रशासित करेगा और वास्तविक और व्यक्तिगत दोनों रूप में और वर्तमान में IEMA के स्वामित्व, अधिकार या नियंत्रण में रहने वाले कर्मियों के रिकॉर्ड, दस्तावेजों, पुस्तकों, पत्राचार, और अन्य संपत्ति का स्वामित्व, अधिकार या नियंत्रण को बनाए रखेगा। IEMA द्वारा उपयोग के लिए वर्तमान में उपलब्ध वित्त पोषण दायित्वों, विनियोग प्राधिकरण और अन्य संघीय, राज्य और विशेष राज्य निधियों की शेष राशि, IEMA और OHS द्वारा इस कार्यकारी आदेश की प्रभावी तारीख पर और उसके बाद उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगी।

B. IEMA और OHS राज्य प्रशासनिक एजेंसी (SAA) के तौर पर काम करेगा। इस क्षमता में, IEMA और OHS संघीय आपातकालीन प्रबंधन (FEMA) द्वारा प्रशासित संघीय अनुदानों की प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें अनुदान आवेदन और प्रगति रिपोर्ट जमा करना, उप-आवेदकों को यथोचित धन आवंटन और आपूर्ति की सुनिश्चितता शामिल है। IEMA और OHS यह सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार है कि सभी प्रासंगिक हितधारक होमलैंड सुरक्षा अनुदान प्रक्रिया में शामिल हैं।

C. IEMA और OHS अन्य सभी राज्य एजेंसियों, बोर्डों और आयोगों के साथ समन्वय करते हुए इस कार्यकारी आदेश के पैरा III.D में वर्णित समेत राज्य के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा जोखिम मूल्यांकन कार्यक्रमों का प्रबंधन करेगा।

D. IEMA और OHS, होमलैंड सुरक्षा सलाहकार, इलिनॉय राज्य पुलिस, इलिनॉय पर्यावरण संरक्षण एजेंसी, इलिनॉय सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी, इलिनॉय केंद्रीय प्रबंधन सेवा विभाग, राज्य फायर मार्शल कार्यालय और आवश्यकता के अनुसार किसी भी अन्य राज्य एजेंसी, बोर्ड, आयोग, स्थानीय सरकारें और संघीय एजेंसियो के साथ समन्वय करते हुए विधि और प्रक्रिया स्थापित करेगा, जो निम्न के लिए होगा:

a. इलिनॉय राज्य के अंदर गंभीर महत्व के बुनियादी ढांचे की पहचान करना;
b. गंभीर महत्व के बुनियादी ढांचे का आकलन करना;
c. संरक्षित गंभीर महत्व के बुनियादी ढांचे की जानकारी की नीतियों के माध्यम से आकलन संबंधित जानकारी की रक्षा करना; और
d. पूरे समुदाय के सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ाने के लिए रोकथाम, सुरक्षा और शमन रणनीतियों को संबोधित करने के लिए एक राज्यव्यापी भेद्यता/जोखिम मूल्यांकन युक्ति का विकास करना।

E. कानून की अनुमत सीमा में, IEMA के निदेशक और इस कार्यकारी आदेश की प्रभावी तारीख से और उसके बाद, IEMA और OHS के निदेशक, होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के परामर्श से सभी यथोचित कदम उठाने के लिए अधिकृत हैं, जिनमें इस कार्यकारी आदेश को लागू करने के लिए इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम और 2004 के परमाणु सुरक्षा कानून के तहत विनियामक और प्रशासनिक परिवर्तन के लिए कार्रवाई शामिल हैं। IEMA के

निदेशक, इस कार्यकारी आदेश की प्रभावी तारीख से और उसके बाद, IEMA और OHS के निदेशक, होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के परामर्श से, गवर्नर के कार्यालय और महासभा को इस कार्यकारी आदेश के कार्यान्वयन के लिए आगामी कानून से संबंधित अनुशंसाएं भी करेंगे। ।

## IV. इलिनॉय होमलैंड सुरक्षा सलाहकार परिषद की स्थापना

A. कार्यकारी आदेश 2003-17 को एतदद्वारा निरस्त किया जाता है, और इलिनॉय टेररिज्म टास्क फोर्स का नाम बदलकर "इलिनॉय होमलैंड सिक्योरिटी एडवाइजरी काउंसिल" (IL-HSAC) रखा जाता है और इसे एक स्थायी निकाय के रूप में स्थापित किया जाता है, जोकि होमलैंड सिक्योरिटी एडवाइजर को रिपोर्ट करेगा और जिनकी निहित शक्ति और कर्तव्य यहां वर्णित हैं।

B. एतदद्वारा इलिनॉय टेररिज्म टास्क फोर्स के वर्तमान सदस्यों को IL-HSAC के सदस्यों के रूप में नियुक्त किया जाता है। IL-HSAC के अतिरिक्त सदस्यों को होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के मनोनयन और गवर्नर के अनुमोदन से नियुक्त किया जा सकता है।

C. IL-HSAC के सदस्य बिना वेतन के काम करेंगे, लेकिन राज्य या संघीय दिशानिर्देशों द्वारा लागू अनुमत यात्रा और आवास प्रतिपूर्ति वे प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

D. होमलैंड सुरक्षा सलाहकार IL-HSAC के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। होमलैंड सुरक्षा सलाहकार IL-HSAC के प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने के लिए एक या एक से अधिक व्यक्तियों की नियुक्ति कर सकते हैं। होमलैंड सुरक्षा सलाहकार IL-HSAC की सभी गतिविधियों पर गवर्नर या गवर्नर के द्वारा नामित व्यक्ति को रिपोर्ट करेंगे।

## V. इलिनॉय होमलैंड सुरक्षा सलाहकार परिषद की शक्ति और कर्तव्य

A. IL-HSAC, होमलैंड सुरक्षा सलाहकार के सलाह निकाय के रूप में, आतंकवाद को लेकर राज्य की घरेलू तैयारी की रणनीति के बारे में सिफारिश करेगा और इसका विकास करेगा।

B. IL-HSAC पारंपरिक, रासायनिक, जैविक और/या परमाणु हथियारों से जुड़ी आतंकवादी घटनाओं का जवाब देने के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय और राज्य के अधिकारियों के उचित प्रशिक्षण के संबंध में IEMA और OHS और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को अपनी ओर से अनुशंसा प्रदान करेगा।

C. IL-HSAC संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो, संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी, संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी सहित संघीय एजेंसियों से उचित इनपुट की मांग करेगा, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

D. संघीय होमलैंड सुरक्षा अनुदान कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त धन के संबंध में IL-HSAC इलिनॉय के वरिष्ठ सलाहकार समिति (SAC) के रूप में कार्य करेगा। इस हैसियत से IL-HSAC, IEMA & OHS और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को सभी उचित संघीय वित्त पोषण के लिए आवेदन और उपयोग से संबंधित मुद्दों पर अपनी सिफारिश देगा जो आतंकवाद और अन्य खतरों वाले कृत्यों के मद्देनजर किन्हीं अधिनियमों को रोकने, इन खतरों से सुरक्षा देने, इन्हें शांत करने, इसका जवाब देने और रिकवरी से संबंधित होगा।

E. IL-HSAC, IEMA और OHS और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को सभी राज्य और अन्य उपयुक्त निधियों के लिए आवेदन और इसके उपयोग से संबंधित मुद्दों पर अपनी सिफारिश प्रदान करेगा, जोकि होमलैंड सुरक्षा के संबंध में उपयुक्त और उपलब्ध हो सकते हो।

F. महत्वपूर्ण घटनाओं, आतंकवादी कृत्य या प्राकृतिक आपदाओं के समय बहु-एजेंसी प्रत्युत्तर को समन्वयित करने के लिए रणनीतियों और रणनीति को शामिल करना जहां अनिवार्य हो वहां IL-HSAC सार्वजनिक सुरक्षा तैयारियों और आपसी सहायता से संबंधित मदद पर IEMA और OHS और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को अपनी सिफारिश देगा।

G. IL-HSAC इलिनॉय में सार्वजनिक सुरक्षा संसाधनों के समन्वय को लेकर और आतंकवाद का मुकाबला करने से संबंधित आगे के लिए भी सिफारिशों का विकास करेगा और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को ये सिफारिश प्रस्तुत करेगा।

H. IL-HSAC, IEMA & OHS और होमलैंड सुरक्षा सलाहकार को इलिनॉय राज्य कानूनों, प्रशासनिक विनियमों या इलिनॉय आपातकालीन संचालन योजना में किसी भी बदलाव के लिए भी अपनी सिफारिश देगा जो उसके विचार में, इसके स्थापित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक हो सकता हो।

I. होमलैंड सुरक्षा सलाहकार हर वर्ष 1 मार्च की तारीख तक गवर्नर को एक वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। प्रतिवेदन में बीते वर्ष की IL-HSAC की गतिविधियों, उपलब्धियों और सिफारिशों का विवरण रहेगा।

## VI. संचय खंड; गंभीरता

यदि इस कार्यकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति में सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अमान्य ठहराया जाता है, तो यह अमान्यता किसी अन्य प्रावधान या इस कार्यकारी आदेश के अमल को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अमान्य प्रावधान के या आवेदन के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस कार्यकारी आदेश के प्रावधानों को विभाज्य घोषित किया जाता है।

## VII. दायर करना और आपूर्ति; प्रभावी तारीख

A. यह कार्यकारी आदेश राज्य सचिव के पास दायर किया जाएगा। इस कार्यकारी आदेश की एक प्रति सीनेट के सचिव और प्रतिनिधि सभा के क्लर्क को और पुनरीक्षण विधेयक तैयार करने के उद्देश्य से, एक प्रति विधायी संदर्भ ब्यूरो को दी जाएगी।

B. बशर्ते कि महासभा का कोई भी सदन निर्वाचित सदस्यों के बहुमत के रिकॉर्ड मत से इस कार्यकारी आदेश को अस्वीकार नहीं करता हो, तो यह कार्यकारी आदेश महासभा को सौंपे जाने के 60 दिनों के बाद प्रभावी हो जाएगा।

**जेबी प्रिट्ज़कर, गवर्नर**

17 फरवरी, 2023 को गवर्नर द्वारा जारी किया गया
17 फरवरी, 2023 को राज्य सचिव के पास दायर किया गया